पाठ-मूल्यांकन

पाठ पढ़ाने से पूर्व शिक्षक पाठों की जानकारी के अंतर्गत किए गए वर्गीकरण को एक बार जान लें तो बच्चों का मार्गदर्शन सरल हो जाएगा। छठी कक्षा में व्याकरण के उन अंशों पर फिर से प्रकाश डाला गया है जो चौथी-पाँचवीं कक्षा में सिखाए गए थे। उन अंशों को दोहराने का मुख्य कारण है कि अब बच्चे उस शब्द का रूप, प्रयोग तथा बनावट को गहराई से समझ लें। शिक्षक उन्हें रटाएँ नहीं अपितु प्रयोग द्वारा अच्छी तरह समझाएँ।

क्र. सं.	पाठ का नाम एवं विधा	भाषा-कौशल	गतिविधियाँ	पाठ मूल्य एवं उद्देश्य
1.	हम कुछ कर दिखलाएँगे (कविता)	आशय स्पष्ट करना, वर्ण-विच्छेद, क्रिया शब्द, विलोम, पर्यायवाची, सही उत्तर चुनना	अपने कर्तव्य की चर्चा करना, देश का गौरव बढ़ाने वाले लोगों को पहचानना और उनके नाम लिखना	देशभक्ति, त्याग, मानवता में विश्वास, उदारता, नैतिक मूल्यों की स्थापना
2.	बल्लू दादा को छुड़ा लिया गया (कहानी)	संयुक्त व्यंजन, तत्सम-तद्भव, पर्यायवाची, विलोम शब्द, लिंग, वचन, शब्द-युग्म, वाक्य प्रयोग	चर्चा करना, इंटरनेट के माध्यम से हेल्पेज इंडिया के बारे में जानकारी प्राप्त करना, कार्ड बनाना	आपसी स्नेह, सहयोग की भावना, एकता, सूझबूझ
3.	होनहार बालक (कहानी)	शब्द विचार, विलोम, लिंग, पर्यायवाची, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, वचन, बहुविकल्पीय प्रश्न	घटना सुनाना, वार्ता, विज्ञापन बनाना, बाल पत्रिकाएँ पढ़ना	सूझबूझ, बुद्धिमत्ता
4.	अनोखी यारी (कविता)	पंक्तियाँ पूरी करना, सार्थक-निरर्थक शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, विलोम, पर्यायवाची, वचन, बहुविकल्पीय प्रश्न	पंचतंत्र की कहानियों के बारे में जानकारी जुटाना, कविता सुनाना	मैत्री तथा बुद्धिबल का महत्व
5.	अक्ल बड़ी कि भैंस (कहानी)	रूढ़, यौगिक, योगरूढ़, विलोम, पर्यायवाची, लिंग, वचन, वाक्य प्रयोग, अनेकार्थी शब्द	वार्तालाप करना, लेख लिखना	मनोरंजन, हास्य विनोद, बुद्धि चातुर्य
6.	अद्भुत परीक्षा (ऐतिहासिक कहानी)	विशेषण, समश्रुति भिन्नार्थक, संज्ञा, विशेषण की अवस्थाएँ, विलोम	चर्चा करना, गुरुभक्ति से संबंधित श्लोक, सूक्तियाँ तथा कविताएँ एकत्रित करना	गुरुभक्ति, करुणा, कर्तव्यनिष्ठा, सेवाभाव
7.	छोटी-छोटी बातें (कविता)	आशय स्पष्ट करना, वचन की पहचान, विलोम, पर्यायवाची, संयुक्त व्यंजन, 'सु' उपसर्ग लगाना, समान तुकवाले शब्द	जल के संरक्षण की चर्चा करना, पर्यावरण पर अनुच्छेद लिखना, पोस्टर बनाना	पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी, दूरदर्शिता
8.	सच्चा कल्पवृक्ष (प्रेरक कहानी)	विराम-चिह्न, विलोम, लिंग, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द निर्माण	वाद-विवाद करना, लेख लिखना	मानवीय मूल्यों तथा श्रम के प्रति आस्था
9.	स्वतंत्रता के अग्रदूत (पत्र)	रिक्त स्थान भरना, संज्ञा के प्रकार, वचन, पर्यायवाची शब्द, वचन, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, संज्ञा शब्दों से विशेषण रचना	चर्चा करना, वार्तालाप करना	गांधीजी के विचारों से सीख लेना

क्र. सं.	पाठ का नाम एवं विधा	भाषा-कौशल	गतिविधियाँ	पाठ मूल्य एवं उद्देश्य
10.	तुलसी के दोहे (पद्य)	भावार्थ लिखना, विलोम, पर्यायवाची, विशेषण शब्दों के भेद पहचानना	दोहों का संकलन करना, भावों की चर्चा करना, शब्दों को ढूँढ़ना और जोड़कर लिखना	मधुर वाणी बोलना, संतोष की भावना जगाना
11.	बच्चों का संकल्प (कहानी)	भाववाचक संज्ञा, प्रत्यय, पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थी, वाक्य निर्माण	पेड़ों के लाभ की चर्चा करना, अपने विचार बताना, नारे बनाना	पर्यावरण के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता, प्रकृति प्रेम
12.	साहसी तेनालीराम (लोककथा)	लिंग की पहचान, विलोम, पर्यायवाची, शब्द निर्माण, वाक्य निर्माण	वार्तालाप, किस्सा सुनाना, पढ़ना	समय पर सही निर्णय लेना, बुद्धि चातुर्य
13.	बतूता का जूता (कविता)	सर्वनाम के भेद, विलोम, पर्यायवाची, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, वर्ण-विच्छेद	चित्र देखकर वार्तालाप करना, पहेलियाँ बूझना, चित्र बनाना, परियोजना तैयार करना	हास्य-विनोदप्रियता, मनोरंजन, आनंद प्राप्ति
14.	भारतीय कुटीर उद्योग (लेख)	कारक और उसके चिह्न, विलोम, पर्यायवाची, प्रत्यय, बहुविकल्पीय प्रश्न	चर्चा करना, इंटरनेट से जानकारी लेना, कोलाज बनाना	कला के प्रति रुझान, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का महत्व
15.	खरगोश की एक और रेस (नीति-कथा)	संबंधबोधक, विलोम, पर्यायवाची, लिंग, 'कि' और 'की' में अंतर	चर्चा करना, कहानी को नाटक के रूप में लिखना, शब्द-पहेली पूरी करना	घमंड न करने की प्रेरणा, अपनी सामर्थ्य के अनुसार कार्य करना
16.	ननिहाल (कविता)	भावार्थ लिखना, क्रिया और उसके भेद, विलोम, पर्यायवाची, समान तुकवाले शब्द	गाँव और शहर के बारे में चर्चा करना, चित्र बनाना, परियोजना बनाना	गाँव के नैसर्गिक सौंदर्य अवलोकन की क्षमता का विकास करना
17.	मानव की सूझ (नाटक)	क्रिया-विशेषण, समुच्चयबोधक, विलोम, पर्यायवाची, बहुविकल्पीय	चर्चा करना, अभिनय करना	बुद्धि चातुर्य, साहसिकता
18.	बकरी दो गाँव खा गई (ऐतिहासिक कहानी)	काल, विलोम, लिंग, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, बहुविकल्पीय	घटना सुनाना, अंतर बताना	दया व सहयोग की भावना उत्पन्न करना, ईमानदारी
19.	न्यायमंत्री (कहानी)	विस्मयादिबोधक, भिन्नार्थक शब्द, वाक्य बदलना, मुहावरे, बहुविकल्पीय, तुलना	कहानियाँ पढ़ना, शिवाजी का चित्र चिपकाना	जीवन में चुनौती स्वीकार करना, न्यायप्रियता, आत्मविश्वास
20.	अनमोल संपदा (कविता)	'ने' का प्रयोग, वाक्य प्रयोग, विलोम, पर्यायवाची, वाक्य के खंड-उद्देश्य, विधेय	चर्चा करना, इंटरनेट से जानकारी लेना	स्वास्थ्य का महत्व, जागरूकता